पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जनपद मथुरा में उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद की नवीं बोर्ड बैठक सम्पन्न

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ायी जाए, पुलिस एवं प्रशासन सतर्क रहे, इण्टीग्रेटेड कण्ट्रोल कमाण्ड सेण्टर पर कर्मचारियों की निरन्तर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए : मुख्यमंत्री

## पाण्डुलिपियाँ प्राचीन ज्ञान, साहित्य और सांस्कृतिक धरोहरों की वाहक

## उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण, नगर निगम तथा जनप्रतिनिधिगण समन्वय के साथ ऐसी कार्य योजना तैयार करें, जिससे ब्रज क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों एवं सुविधाओं में परिवर्तन दिखायी दे

## वृन्दावन परिक्रमा मार्ग को सुदृढ़ किया जाए

## मथुरा–वृन्दावन में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जगह–जगह पर होल्डिंग एरिया बनाए जाएं, पार्किंग सुविधा बढ़ाई जाए, मल्टीलेवल पार्किंग व्यवस्था की जाए

## मथुरा के खारे पानी की समस्या के निदान हेतु भू–जल का स्तर बढ़ाने की आवश्यकता, इसके लिए अधिकाधिक तालाब तैयार किए जाएं तथा वर्षा जल संचयन किया जाए

## मुख्यमंत्री ने कान्हा भक्ति स्तम्भ मार्ग का लोकार्पण कर स्थलीय निरीक्षण किया

**लखनऊ : 03 सितम्बर, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आज जनपद मथुरा में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की नवीं बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा का कार्य आगामी 03 वर्षों में 03 चरणों में पूर्ण किया जायेगा। यह भी अवगत कराया गया कि मथुरा–वृन्दावन रेल मार्ग पर सड़क मार्ग बनाने की भी योजना पर सहमति बन गई है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वृन्दावन नगर में नए सिटी बस मार्ग के सृजन के सम्बन्ध में ऐसे वाहनों का प्रयोग किया जाए, जो वृन्दावन के मार्गों के अनुकूल हो। उन्होंने पाण्डुलिपियों के संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि यह प्राचीन ज्ञान, साहित्य और सांस्कृतिक धरोहरों के वाहक हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण, नगर निगम तथा जनप्रतिनिधिगण समन्वय के साथ ऐसी कार्य योजना तैयार करें, जिससे ब्रज क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों एवं सुविधाओं में परिवर्तन दिखायी दे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बड़ी परियोजनाओं को स्वीकृत करवाने के साथ–साथ, उन परियोजनाओं के कार्यों पर निरन्तर मॉनिटरिंग की जाएं। पुराने स्वीकृत कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें ससमय पूर्ण कराया जाए। मथुरा–वृन्दावन में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जगह–जगह पर होल्डिंग एरिया बनाए जाएं, पार्किंग सुविधा बढ़ाई जाए, मल्टीलेवल

पार्किंग व्यवस्था की जाए, जिसमें डॉरमेट्री, कैफे, फूड कोर्ट आदि सुविधा हो। उन्होंने कहा कि पार्किंग परियोजनाओं को रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल या पी0पी0पी0 मॉडल पर विकसित किये जाएं। आम जनमानस की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पौराणिक कुण्डों, स्थलों एवं स्मारकों के संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि उतना ही मैनपावर का प्रयोग करें, जितने की जरूरत हो। अच्छे कार्यों को प्रदर्शित करें, लोगों के सामने रखे, मीडिया से संवाद करें, सफलता की कहानियों का अधिकाधिक प्रचार–प्रसार करें। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए ठोस कार्ययोजना बनायी जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वृन्दावन परिक्रमा मार्ग को सुदृढ़ किया जाए। परिक्रमा मार्ग पर ऐसी सामग्री का प्रयोग किया जाए, जिससे बारिश में फिसलन न हो तथा पत्थर न चुभे। जल संरक्षण पर बल देते हुए उन्होंने बारिश के पानी को संरक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मथुरा के खारे पानी की समस्या के निदान हेतु भू–जल का स्तर बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए अधिकाधिक तालाब तैयार किए जाएं तथा वर्षा जल संचयन भी किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ायी जाए। पुलिस एवं प्रशासन सतर्क रहे, इण्टीग्रेटेड कण्ट्रोल कमाण्ड सेण्टर पर कर्मचारियों की निरन्तर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। वर्षा के मौसम दृष्टिगत नियमित सतर्कता बनायी रखी जाए। दो शिफ्टों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कूड़े का डोर–टू–डोर कलेक्शन किया जाए। कूड़ा निस्तारण के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में विभिन्न विकास कार्यों सम्बन्धी विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। इसमें हार्टफुलनेस फाउण्डेशन संस्था, हैदराबाद द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सी0एस0आर0 मद के अन्तर्गत कार्य कराये जाने, गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर 10 गोल्फ कार्ट श्रद्धालुओं हेतु दान दिये जाने, संस्कृति विभाग की 'स्मारक मित्र' योजना की तर्ज पर 'तीर्थ मित्र' योजना प्रचालित कर परिषद में कार्यरत वैयक्तिक सहायकों के नियत वेतन में वृद्धि, वृन्दावन नगर में नये सिटी बस मार्ग के सृजन, महायोजना मार्गों के निर्माण, मथुरा–वृन्दावन में पुलिस बल आदि बढ़ाने, ब्रज विरासत के व्यवस्थित संरक्षण और सुरक्षा के लिए उच्च विरासत एवं महत्व वाली जीर्ण–शीर्ण अथवा अन्य प्रकार के जोखिमों से प्रभावित ब्रज की 200 चिन्हित धरोहर संरचनाओं के प्रबन्धन के लिये एक क्षेत्रीय विरासत प्रबन्धन ढाँचे का सुदृढ़ आधार तैयार करना शामिल है।

इसके उपरान्त, मुख्यमंत्री जी ने कान्हा भक्ति स्तम्भ मार्ग का लोकार्पण कर स्थलीय निरीक्षण किया।

——————